# Awareness camp and Inkind distribution of items to the BOCW worker at Bilaspur





पंजाब केसरी
FRI,27 SEPTEMBER 2024
EDITION: BILASPUR KESARI, PAGE NO. 3

# 150 कामगारों को वितरित किए इंडक्शन व सोलर लैंप



बिलासपुर : किसान भवन में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित करने के बाद सामूहिक चित्र में। (राम सिंह)

बिलासपुर, 26 सितम्बर (राम सिंह): किसान भवन में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर 150 से अधिक पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित किए गए।

नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र श्री नयना देवी जी और झंडूता में भी आगामी 2 दिनों में इंडक्शन और सोलर लैंप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि पात्र लोग पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि विभाग द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशों पर हर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा पात्र कामगारों के बच्चों की शादी के लिए 51 हजार की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त लाभार्थी के आश्रितों को चिकित्सा उपचार के लिए 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपए तक की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाती है। लाभार्थियों के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रथम कक्षा से पीएच.डी. तक के लिए 8400 से लेकर 1 लाख 20 हजार रुपए की वित्तीय सहायता विभाग उपलब्ध करवाई जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव के दौरान किए गए घोषणाओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बेसहारा और अनाथ लोगों को सहारा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना चलाई है।

श्रम कल्याण अधिकारी स्वाति शर्मा, इंटक के जिला अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर और बी.डी.सी. वाइस चेयरमैन मस्तराम ठाकुर सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कामगारों को वितरित किए इंडक्शन और सोलर लैंप

## किसान भवन बिलासपुर में किया गया कार्यक्रम का आयोजन



कामगारों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित करते मुख्यातिथि। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिलासपुर।** किसान भवन बिलासपुर में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने सदर विधानसभा क्षेत्र के 150 पंजीकृत कामगारों को इंडकशन हीटर, सोलर लैंप वितरित किए।

उन्होंने बताया कि श्री नयना देवी जी और झंडूता में भी विभाग की ओर से इंडक्शन और सोलर लैंप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि पात्र लोग पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि विभाग द्वारा चलाई जारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि बोर्ड श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू निर्देशों पर हर

### नरदेव बोले, श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाएं

विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि कामगारों की समस्याओं को समझा जा सके और कामगारों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए कार्य किया जा सके। उन्होंने बताया की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा पत्र कामगारों के बच्चों की शादी के लिए 51 हजार की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। लाभार्थी के आश्रितों को चिकित्सा उपचार के लिए 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपये तक की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है।

इस अवसर पर श्रम कल्याण अधिकारी स्वाति शर्मा, इंटक के जिला अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर और बीडीसी वाइस चेयरमैन मस्तराम ठाकुर सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

